इस प्रश्न–पत्र में 29 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. 71/S/230/A

सेट – A

# भारतीय सांकेतिक भाषा
# (230-H)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।
2. इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
4. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) अथवा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
6. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
7. (क) यह प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।
8. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी **इलेक्ट्रॉनिक** उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।
9. प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।
10. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **71/S/230/A, सेट - A** लिखें।

# भारतीय सांकेतिक भाषा
# (230-H)

समय : **2** घण्टे] [पूर्णांक : **40**

**नोट :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल **29** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिये हैं।

(iv) **खण्ड – A** में **1** से **20** प्रश्न हैं।

(a) **प्रश्न संख्या 1 से 8 -** बहुविकल्पीय प्रकार (MCQs) के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प (**A, B, C** या **D**) से चुनकर लिखिए।

(b) **प्रश्न संख्या 9 से 12 -** एक शब्द उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। इस प्रकार के प्रश्नों में, प्रत्येक प्रश्न के साथ **4** संकेत शब्द दिये गये हैं। सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर लिखिए।

(c) **प्रश्न संख्या 13 से 16 -** रिक्त स्थान पूर्ति प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। इस प्रकार के प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न के साथ **3** संकेत शब्द दिये गये हैं, सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर लिखिए।

(d) **प्रश्न संख्या 17** से **20** - सत्य/असत्य प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए और अपनी समझ से सत्य या असत्य लिखिए।

(v) **खण्ड – B** में **21** से **29**, वर्णानात्मक प्रकार के प्रश्न हैं, इन प्रश्नों के लिए अपने उत्तरों का विडियो टेप कीजिए।

(a) **प्रश्न संख्या 21 से 23 -** अति लघुत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक दिया है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्यांश में लिखना है।

(b) **प्रश्न संख्या 24 से 26 -** अति लघुत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** से **50** शब्दों में देना है।

(c) **प्रश्न संख्या 27 तथा 28 -** लघुत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **80** शब्दों में देना है।

(d) **प्रश्न संख्या 29 -** दीर्घ–उत्तरीय प्रकार का प्रश्न है, इस प्रश्न के लिए **5** अंक निर्धारित है, इसका उत्तर **80** से **120** शब्दों में देना है।

## खण्ड – A

**प्र. 1 से 8 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं : (प्रत्येक का 1 अंक)**

**1** ISL भारत में बधिरों की _________ भाषा के रूप में प्रयोग होती है। **1**

(A) मातृभाषा (B) विदेशी

(C) क्षेत्रीय (D) गुप्त

**2** 1000 शब्दों वाला प्रथम भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोष _________ द्वारा प्रकाशित हुआ था। **1**

(A) आईएसएलआरटीसी (B) एनसीईआरटी

(C) यूजीसी (D) एनआईओएस

**3** ISL में निम्नलिखित में से कौन–सा गैर–हस्त संकेत लक्षण है ? **1**

(A) हाथ का आकार (B) आंखों की दृष्टि

(C) हथेली की दिशा (D) गतिविधि/गति

**4** अधिकांश बधिर बच्चों की पहली भाषा _________ होती है। **1**

(A) बोली जाने वाली हिन्दी (B) बोली जाने वाली अंग्रेज़ी

(C) सांकेतिक भाषा (D) होंठ पढ़ना

**5** "Deaf Gain" का अर्थ है _________ . **1**

(A) श्रवण हानि (B) बधिर समुदाय का सकारात्मक योगदान

(C) नकारात्मक दृष्टिकोण (D) इनमें से कोई नहीं

6 सांकेतिक भाषा _________ का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। 1

(A) बधिर संस्कृति (B) कोई भी भाषा

(C) दोनों (A) और (B) (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

7 ''संपूर्ण संचार'' का अर्थ है – 1

(A) केवल मौखिक विधि

(B) केवल सांकेतिक विधि

(C) विभिन्न संचार माध्यमों का प्रयोग

(D) कोई नहीं

8 बधिर संस्कृति _________ पर जोर देती है। 1

(A) मौखिकता (B) दृश्य संचार

(C) वाक चिकित्सा (D) श्रवण यंत्र

**प्र. 9 से 12 एक शब्द में उत्तर : (प्रत्येक का 1 अंक)**

9 भाषा में वाक्य संरचना के अध्ययन को ________ कहते हैं। 1
(आकृति विज्ञान, वाक्यविन्यास, अर्थ विज्ञान, व्यावहारिक विज्ञान)

10 बधिर माता–पिता से जन्मे किंतु सुनने वाले बच्चों को ________ कहते हैं। 1
(कोडा, डोडा, सोडा, होडा)

11 होंठों पर बोले गए शब्दों का दृश्य प्रतिनिधित्व ________ कहलाता है। **1**

(होंठ पढ़ना / संकेत करना / उंगली से वर्तनी / मुंह से बोलना)

12 ISL का मुख्य तत्व ________ है। **1**

(हस्त आकृति, ध्वनि, लेखन, कोई नहीं)

**प्र. 13 से 16 रिक्त स्थान भरें : (प्रत्येक का 1 अंक)**

13 ध्वनि के बिना संकेतों द्वारा संचार को ________ कहते हैं। **1**

(सांकेतिक भाषा, मौखिक भाषा, लिखित भाषा)

14 ISL के माध्यम से बधिर बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल _________ है। **1**

(सुनना, संकेत करना, फुसफुसाना)

15 "M संकेत को दो बार दोहराने का अर्थ ________ होता है। **1**

(सोमवार, माँ, मार्च)

16 "समय + प्रश्न = _________". **1**

(कब, कौन, कहाँ)

**प्र. 17 से 20 सही/गलत : (प्रत्येक का 1 अंक)**

17 ISL बिल्कुल अमेरिकी सांकेतिक भाषा जैसी है। **1**

**(सही / गलत)**

18 ISL में वर्गीकरण का प्रयोग आकार, रूप और गति बताने के लिए किया जाता है। **1**

**(सही / गलत)**

19 बधिर बच्चे प्राकृतिक रूप से वातावरण से सांकेतिक भाषा सीख सकते हैं। 1
**(सही / गलत)**

20 ISL वर्णमाला एक हाथ का प्रयोग करके ही दर्शाई जाती है। 1
**(सही / गलत)**

## खण्ड – B

**प्र. 21 से 23 अति लघु उत्तरीय प्रश्न : (प्रत्येक का 1 अंक)**

21 ISL व्याकरण का एक दृश्य तत्व लिखिए। 1

22 ISL में संयुक्त संकेत का एक उदाहरण दीजिए। 1

23 ISL को बढ़ावा देने हेतु प्रतिवर्ष कौन–सा उत्सव मनाया जाता है? 1

**प्र. 24 से 26 अति लघु उत्तरीय प्रश्न : (प्रत्येक का 2 अंक)**

24 (a) ISL के कोई तीन गैर–हस्त लक्षण लिखिए। 2

**अथवा**

(b) ISL और बोली जाने वाली भाषाओं में क्या अंतर है?

25 (a) बधिर शिक्षा में द्विभाषी दृष्टिकोण की परिभाषा दीजिए। 2

**अथवा**

(b) बधिर पहचान का अर्थ समझाइए।

26 ISL को प्राकृतिक भाषा क्यों कहा जाता है? 2

**प्र. 27 व 28 लघु उत्तरीय प्रश्न : (प्रत्येक का 3 अंक)**

**27** (a) सुनने वाले लोगों के लिए सांकेतिक भाषा सीखने के तीन लाभ लिखिए। **3**

**अथवा**

(b) ISL दुभाषिए शिक्षा में सुलभता कैसे सुनिश्चित करते हैं?

**28** मुख्यधारा विद्यालयों में बधिर छात्रों को कौन–सी कठिनाइयाँ आती हैं? **3**
(कोई तीन लिखिए)

**प्र. 29 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (5 अंक का)**

**29** (a) उदाहरण सहित समझाइए कि चेहरे के भाव संकेतों के अर्थ को कैसे बदल सकते हैं। **5**

**अथवा**

(b) ISL में भूमिका परिवर्तन क्या है? उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

BLANK PAGE